स्मरण पत्र

# कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा / माध्य / मा–स / समान परीक्षा / 22402 / 2014–19 / 181 दिनांक: 17.07.2019

**समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी**
**एवं पदेन परियोजना समन्वयक**
**समग्र शिक्षा अभियान**

**विषय :–** समान परीक्षा योजनांतर्गत जिले में उपलब्ध अवशेष राशि का विवरण भिजवाने बाबत।

**प्रसंग :–** इस कार्यालय का समसंख्यक पत्र दिनांक : 02.07.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में लेख है कि जिला स्तर पर स्थानीय परीक्षा हेतु समान परीक्षा योजना का संचालन होता है। उक्त समान परीक्षा योजनांतर्गत विद्यार्थियों से लिए जाने वाले शुल्क से स्थानीय परीक्षा आयोजन एवं शैक्षिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

इस सम्बन्ध में जिला समान परीक्षा योजनांतर्गत जिले में उपलब्ध अवशेष राशि का विवरण निर्धारित प्रारूप में दिनांक : 08.07.2019 तक उपलब्ध करवाये जाने हेतु आपको निर्देशित किया गया था। उक्त सूचना आदिनांक तक बीकानेर, दौसा, जालौर, झुझूनुं एवं झालावाड़ के अलावा अन्य जिला शिक्षा अधिकारियों से अप्राप्त है। अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि उक्त सूचना प्रपत्रानुसार दिनांक : 25.07.2019 तक आवश्यक रूप से भिजवाना सुनिश्चित करावें।

www.rajteachers.com

**उप निदेशक (माध्यमिक)**
**माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान**
**बीकानेर**

**प्रतिलिपि :–** निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को आवश्यक प्रबोधन हेतु।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना दिनांक : 25.07.2019 तक भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।
3. रक्षित पत्रावली।

**उप निदेशक (माध्यमिक)**
**माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान**
**बीकानेर**

E:\Genral letter.docx